# मेडिक्लेम की राशि मोटर दुर्घटना मुआवजे से नहीं कटेगी: सर्वोच्च न्यायालय का महत्वपूर्ण निर्णय




जी. के. छिब्बर

**सर्वोच्च** न्यायालय की पीठ, न्यायमूर्ति संजय करोल एवं न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली ने न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी बनाम डॉली सतीश गांधी एवं अन्य याचिका में ऐतिहासिक निर्णय देते हुए स्पष्ट किया है कि मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण द्वारा दिया गया मुआवजा और मेडिक्लेम पॉलिसी से मिला भुगतान दो अलग-अलग स्रोतों से मिलने वाले लाभ हैं।

इसलिए मेडिक्लेम से मिली राशि को दुर्घटना मुआवजे में से नहीं काटा जा सकता।न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने कहा कि मोटर वाहन अधिनियम के तहत मिलने वाला मुआवजा एक वैधानिक अधिकार है, जबकि मेडिक्लेम पॉलिसी का लाभ प्रीमियम देकर खरीदा गया संविदात्मक अधिकार है। पीठ ने माना कि दोनों को 'दोहरा लाभ' नहीं कहा जा सकता। हालांकि, पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि एक ही नुकसान के लिए दो बार मुआवजा नहीं लिया जा सकता, क्योंकि मुआवजा 'न्यायसंगत' होना चाहिए, न कि 'अप्रत्याशित लाभ'।

पीठ ने न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी की अपील खारिज करते हुए बॉम्बे उच्च न्यायालय का निर्णय बरकरार रखा, जिसमें कहा गया था कि पीड़ित को अपनी मेडिक्लेम पॉलिसी से मिली राशि मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण द्वारा दिए गए मुआवजे से नहीं काटी जाएगी।

मेडिक्लेम और मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के मुआवजे में बुनियादी अंतर क्यों? सर्वोच्च न्यायालय ने दोनों के सिद्धांतों का अंतर स्पष्ट करते हुए कहा कि मेडिक्लेम पॉलिसी व्यक्ति स्वेच्छा से बढ़ते चिकित्सा खर्चों से बचने के लिए खरीदता है और इसमें बीमाकर्ता की देनदारी बीमित राशि तक सीमित होती है। यदि खर्च पॉलिसी की सीमा से अधिक हो जाए तो शेष राशि पीड़ित को स्वयं वहन करनी पड़ती है। इसके विपरीत, मोटर वाहन अधिनियम के तहत दिया जाने वाला मुआवजा 'न्यायसंगत एवं उचित मुआवजे' के सिद्धांत पर आधारित होता है और इसकी कोई निश्चित मौद्रिक सीमा नहीं होती।

इसका उद्देश्य पीड़ित अथवा मृतक के परिजनों को, जहाँ तक संभव हो, उसी आर्थिक स्थिति में लाना है, मानो दुर्घटना हुई ही न हो।

न्यायालय ने उदाहरण देते हुए कहा कि प्रोविडेंट फंड, ग्रेच्युटी और पेंशन जैसे रोजगार-संबंधी लाभ भी मुआवजे से नहीं काटे जा सकते, क्योंकि वे संविदा से प्राप्त स्वतंत्र अधिकार हैं। वहीं, यदि राज्य से मृत्यु पर अनुग्रह राशि या वैधानिक मुआवजा प्राप्त हुआ है, तो उसे मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण द्वारा दिए जाने वाले मुआवजे से समायोजित किया जा सकता है, क्योंकि दोनों एक ही प्रकार की क्षति की भरपाई करते हैं। पीठ ने टिप्पणी की कि 'इस सवाल का जवाब शरलॉकियन डिडक्शन का मामला नहीं है' और उच्च न्यायालय के निर्णय को बरकरार रखा। यह निर्णय बीमा कंपनियों और दुर्घटना पीड़ितों के बीच लंबे समय से चल रहे कानूनी विवाद पर महत्वपूर्ण स्पष्टता प्रदान करता है।

अधिवक्ता संघ चुनाव

# अध्यक्ष पद पर छह दावेदार, सचिव के लिए भी रोचक मुकाबला

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** जिला अधिवक्ता संघ, भोपाल के वर्ष 2026-28 के द्विवार्षिक चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। अध्यक्ष पद के लिए संतोष शर्मा, सुशील कुमार श्रीवास्तव, देवेंद्र सिंह रावत, हिमांचल कुमार शर्मा, जगदीश सिंह परमार और जुबेरी रफी उल हसन ने नामांकन दाखिल कर चुनावी मुकाबले को रोचक बना दिया है। वहीं सचिव पद के लिए मुकेश नागपुरे, शुभम मीना (बल्लू), संदीप उमरे और अनुराग दुबे मैदान में हैं।

नामांकन सूची के अनुसार उपाध्यक्ष (पुरुष) पद के लिए सात, उपाध्यक्ष (महिला) के लिए चार, सहसचिव के लिए सात, कोषाध्यक्ष पद के लिए छह तथा पुस्तकालय अध्यक्ष पद के लिए पांच उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। वरिष्ठ पुरुष कार्यकारिणी के लिए 26, वरिष्ठ महिला के लिए नौ, कनिष्ठ पुरुष के लिए नौ तथा कनिष्ठ महिला कार्यकारिणी के लिए छह प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है।

मुख्य चुनाव अधिकारी अधिवक्ता वासु वासवानी के अनुसार नाम वापसी की अंतिम तिथि 2 जुलाई निर्धारित की गई है, जबकि 3 जुलाई को अंतिम प्रत्याशी सूची प्रकाशित होगी। मतदान 16 जुलाई को कराया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया के संचालन के लिए लगभग 100 चुनाव अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

नामांकन के साथ ही प्रत्याशियों ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। जिला न्यायालय परिसर पोस्टर, बैनर और होर्डिंग्स से चुनावी रंग में रंग गया है। मंगलवार को दिनभर नामांकन दाखिल करने वाले अधिवक्ताओं और उनके समर्थकों की भारी भीड़ से अधिवक्ता संघ परिसर गुलजार रहा। अब सभी की निगाहें 2 जुलाई को होने वाली नाम वापसी और 16 जुलाई के मतदान पर टिकी हैं।

### हैदराबाद डेक्कन-गोरखपुर विशेष रेलगाड़ी के संचालन अवधि में विस्तार

**भोपाल।** यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा एवं यात्रा मांग को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा हैदराबाद डेक्कन-गोरखपुर-हैदराबाद डेक्कन विशेष रेलगाड़ी के संचालन अवधि में विस्तार किया गया है।

यह विशेष रेलगाड़ी पश्चिम मध्य रेल के इटारसी, भोपाल, बीना आदि स्टेशनों से होकर संचालित होती है, जिससे भोपाल मंडल के यात्रियों को भी इसका लाभ मिलेगा।

विस्तारित संचालन का विवरण निम्नानुसार है—

गाड़ी संख्या 07075 हैदराबाद डेक्कन-गोरखपुर विशेष रेलगाड़ी (प्रत्येक शुक्रवार) का संचालन किया जाएगा। कुल 05 अतिरिक्त फेरे संचालित होंगे।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 07076 गोरखपुर-हैदराबाद डेक्कन विशेष रेलगाड़ी (प्रत्येक रविवार) का संचालन किया जाएगा। इस गाड़ी के भी 05 अतिरिक्त फेरे संचालित किए जाएंगे।

# 15 साल की साझेदारी से स्वच्छ ऊर्जा निर्माण को मिलेगा बढ़ावा




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** मेडिकल एवं औद्योगिक गैस क्षेत्र की अग्रणी कंपनी आयनोक्स एयर प्रोडक्ट्स ने भारत की स्वच्छ ऊर्जा निर्माण क्षमता को मजबूत करने के लिए आई.एन.ए. सोलर (इंसोलेशन एनर्जी लिमिटेड) के साथ 15 वर्ष की दीर्घकालिक साझेदारी की है। समझौते के तहत मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम स्थित 4.5 गीगावॉट सोलर सेल निर्माण संयंत्र को समर्पित पाइपलाइन के माध्यम से प्रति घंटे 2,400 एनएमश अल्ट्रा हाई प्योरिटी नाइट्रोजन की आपूर्ति की जाएगी।

इसके लिए आयनोक्स अपनी मौजूदा एयर सेपरेशन यूनिट के साथ विशेष पाइपलाइन अवसंरचना विकसित करेगी। आयनोक्स के मध्यप्रदेश बिजनेस हेड अनिल खमेसरा ने कहा कि यह साझेदारी भारत की स्वच्छ ऊर्जा निर्माण मूल्य श्रृंखला को मजबूत करेगी और उच्च-प्रौद्योगिकी उद्योगों को विश्वस्तरीय औद्योगिक गैस समाधान उपलब्ध कराने की कंपनी की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाएगी।

हेड स्ट्रेटेजी एंड बिजनेस डेवलपमेंट दिगान्ता सरमा ने कहा कि यह पहल भारत को नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वहीं, इंसोलेशन ग्रीन एनर्जी के प्रबंध निदेशक विकास जैन ने कहा कि विश्वसनीय अल्ट्रा हाई प्योरिटी नाइट्रोजन की आपूर्ति से उच्च गुणवत्ता वाले सोलर सेल निर्माण को नई गति मिलेगी और स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा।

# भारतीय खाद्य निगम में हिंदी कार्यशाला

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने और कार्यालयीन कामकाज में इसकी उपयोगिता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से भारतीय खाद्य निगम, क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल द्वारा 25 जून, 2026 को एकदिवसीय विशिष्ट हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुरूप किया गया। कार्यशाला का मुख्य विषय 'संसदीय राजभाषा निरीक्षण प्रश्नावली' था कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं वक्ता श्रीमती संगीता चावला, सहायक महाप्रबंधक, आंचलिक कार्यालय, मुंबई एवं श्री संजीव कुमार कौशिक, उप महाप्रबंधक (राजभाषा), श्री अभिषेक सिन्हा, उप महाप्रबंधक (संचालन), श्री पंकज सिंह परिहार, सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा) द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। अपने संबोधन में श्रीमती संगीता चावला ने कहा, 'कार्यालयीन कार्यों में हिंदी का प्रयोग न केवल हमारी संवैधानिक जिम्मेदारी है, बल्कि यह संवाद को अधिक प्रभावी और सरल बनाता है।' इस कार्यशाला में श्रीमती संगीता चावला द्वारा संसदीय राजभाषा समिति के राजभाषा निरीक्षण के दौरान भरी जाने वाली प्रश्नावली की बारीकियों को सरल भाषा में समझाया गया।

भारतीय खाद्य निगम, क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल के उप महाप्रबंधक श्री संजीव कुमार कौशिक ने उपस्थित सभी अतिथि और प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए, कार्यालय में हिंदी के शत-प्रतिशत प्रयोग का संकल्प दोहराया।

**नाम परिवर्तन**

मैं, सौरभ बृजेंद्र लाल पुत्र श्री बृजेंद्र लाल, उम्र 58 साल, निवासी-224 सेक्टर, 2 शक्ति नगर, भोपाल एफिडेविट द्वारा, अपना नाम बदलकर सौरभ लाल पुत्र श्री बृजेंद्र लाल कर लिया है। भविष्य में मुझे सौरभ लाल पुत्र श्री बृजेंद्र लाल के नाम से जाना पहचाना जाएगा।

753

**आम सूचना**

**फ्लैट क्र-004, भूतल, प्लेजेन्ट अपार्टमेंट, लाला लाजपतराय को-आपरेटिव सोसायटी, शाहपुरा, भोपाल**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती विनिता सोनी पत्नी श्री राजकुमार सोनी एवं श्रीमती सुनिता ऐलावाधी पत्नी श्री सुनील ऐलावाधी, निवासी-भोपाल के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य का आवासीय फ्लैट क्रं. 004, भूतल जो कि प्लाट क्रं. 63 पर निर्मित बहुमंजिला भवन प्लेजेन्ट अपार्टमेंट, लाला लाजपतराय को-आपरेटिव सोसायटी, शाहपुरा भोपाल में वार्ड क्रमांक 49 में स्थित हैं, जिसकी चतुर्थ सीमाएं निम्नानुसार हैः- पूर्व में- प्लाट नं 64, पश्चिम में- प्लाट नं 62, उत्तर में- प्लाट नं 54, 55, दक्षिण में- रोड, जिसका क्षेत्रफल 423 वर्गफिट है, को क्रय करने हेतु टोकन राशि का भुगतान कर दिया है। उक्त वर्णित फ्लैट के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, फर्म, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय को कोई आपत्ति हो या उक्त सम्पत्ति कहीं दान, बंधक, गिरवी, हस्तांतरण, विक्रय, विक्रय अनुबंध इत्यादि हो तो वह व्यक्ति, फर्म, बैंक अथवा संस्था इस सूचना प्रकाशन के 07 दिन के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जायेगा, ऐसी स्थिति में कोई आपत्ति मान्य एवं स्वीकार नहीं होगी।

भवदीय **अजय तिवारी** एडवोकेट
ऑफिस -154, महेन्द्रा कॉम्पलेक्स
जोन-1,एम.पी. नगर, भोपाल
मो.नं.-9827227020

752

**न्यायालय तहसीलदार तहसील बड़वाह जिला खरगोन म.प्र.**

नवीन तहसील परिसर, काटकूट फाटा इंदौर-खण्डवा रोड बड़वाह
Email Id:-tehsildarbadwah05@gmail.com
क्र. 2709/री-1/बड़वाह

दिनांक 29/6/2026
रा.प्र.क. 0001 /अ-20(3)/2026-27

**विज्ञप्ति**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राकेश शर्मा सचिव शक्ति धाम न्यास भोपाल (म.प्र.) द्वारा शक्तिधाम परियोजना के लिये तहसील बड़वाह के ग्राम नावघाटखेडी प.ह.नं. 50 स्थित भूमि सर्वे न. 38 रकबा 9.470 हे. एवं सर्वे नंबर 36/2 रकबा 5.362 हे. तथा ग्राम मेहताखेडी प.ह.नं. 51 स्थित भूमि सर्वे नं. 59 रकबा 2.039 हे., सर्वे न. 65/1/1 रकबा 5.536 हे., सर्वे नं. 65/1/2 रकबा 3.642 हे., सर्वे नं. 45/1/1 रकबा 5.5280 हे. शासकीय भूमि आवंटन की मांग की गई है। उपरोक्त के संबंध में म.प्र. शासन राजस्व विभाग भोपाल के परिपत्र दिनांक 17.05.2021 एवं म.प्र. नजूल निर्वतन निर्देश 2020 के प्रावधानों के तहत आवश्यक पूर्णता हेतू प्रकरण इस न्यायालय में प्राप्त हुआ। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में पेशी दिनांक 6/7/2026 को इस न्यायालय में समक्ष में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तूत करे। बाद म्याद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**तहसीलदार**
**तहसील बड़वाह जिला खरगोन म.प्र.**

751

## सूडोकु नवताल- 7827

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |


Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7826 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## काकुरो पहेली - 7500



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:





### काकुरो - 7499 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8897




**बाएँ से दाएँ**

1. परिचय, जानना-2,4
5. वायु रोग-2
7. उत्साह, जिज्ञासा
9. कांटा, शूल
10. पिता, साधू-2
11. योद्धा जाति, राजपूत-3
14. थकान-4
16. मिसाल के तौर पर-4
20. ध्वजा, पताका-3
22. सीमा, बार्डर-2
23. बुरी आदत-2
24. समस्या, मुद्दा-3
27. जोर, दम, ताकत-2
28. दिखावटीपन, आडंबर, -3,3

**ऊपर से नीचे**

1. सीतापति, रामचंद्र-5
2. लम्हा, क्षण-2
3. धोखेबाज, दगाबाज-4
4. नलका, टोंटी-2
6. पुत्र, लड़का-3
8. कमरा, रूम-2
12. तीनों काल-3
13. पार्थिव शरीर, लाश-2
15. कजरा, अंजन-3
17. सच्चाई, सच-2
18. सेंधमार-5
19. पुचकारना, हाथ फेरना-4
20. धोखा, दगा-3
21. जरा, थोड़ा-2
25. सभी, संपूर्ण-2
26. राजेश खन्ना व मुमताज की बेहतरीन फिल्म-2

### शब्द पहेली -8896 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 7339



**बायें से दायें:-**

१. सैफअली खान, रानी मुखर्जी की 'सांसों को सांसों में ढलने दो' गीत वाली फिल्म-२,२
४. 'रंग भरे मौसम से रंग चुराके' गीत वाली जैकी श्रॉफ, जूही चावला की फिल्म-३
७. गोविंदा, मनीषा की 'ठहरो तो सही सोचो तो जरा' गीत वाली फिल्म-४
८. 'संडे की रात थी' गीत वाली गोविंदा, रवीना की फिल्म-३
१०. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या भारती की 'तेरी उम्मीद तेरा इंतजार' गीत वाली फिल्म-३
११. फिल्म 'मनोरंजन' में शम्मीकपूर के साथ नायिका कौन थी-३
१४. सलमान, सोमी की 'दिल मेरा यहां' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'कब के बिछड़े हुए' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-४
१७. अमजद खान, बिंदिया गोस्वामी की 'दिल के टुकड़े टुकड़े' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'मेरे खयालों की मलिका' गीत वाली शाहरूख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या, प्रिया की फिल्म-२
१९. सुनील शेट्टी, रंभा की 'कहां गये ममता' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'तुम भी चलो' गीत वाली अमिताभ, विनोद खन्ना, सायरा बानो की फिल्म-३
२५. अमिताभ, अरशद वारसी, करिश्मा, विजय शांति की फिल्म-४
२६. 'ये दपनियावाले' गीत वाली देवानंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२९. धर्मेन्द्र हेमा की 'दुनिया जब' गीत वाली फिल्म-२
३०. अक्षयकुमार, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. नसीरूद्दीनशाह, जैकीश्रॉफ, नगमा की फिल्म-२
२. करणनाथ, मनीषा नतान्यासिंह की 'क्यूं मेरा दिल' गीत वाली फिल्म-२
३. अमिताभ, वहीदा, जीनत की फिल्म-३
४. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की 'बदली है ना बदलेगी' गीत वाली फिल्म-४
५. देवानंद, मधुबाला की फिल्म-३
६. 'बनाकेक्यूं बिगाड़ा रे' गीत वाली फिल्म-३
९. अमिताभ, संजयदत्त, अक्षयखन्ना, अमृता राव की फिल्म-३
११. 'यारा ओ यारा' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'खाई है रे हमने' गीत वाली राजेंद्र, शर्मिला की फिल्म-३
१३. फिल्म 'सपने साजन के' की नायिका-३
१४. राजकपूर, दिलीपकुमार, नर्गिस की 'झूम झूम के नाचो आज' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'हैलो हैलो बोल के' गीत वाली फिल्म-३
१८. सनी देओल, सुष्मिता सेन की 'मैं अपना नाम भूला' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'मेरे तो गिरधर गोपाल' गीत वाली फिल्म-२
२२. मनोजकुमार, साधना की फिल्म-४
२३. 'जो उनकी तमन्ना है' गीत वाली फिल्म-४
२४. राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
२६. 'सुना था देखा ना था' गीत वाली आफताब, उर्मिला की फिल्म-२
२७. अमिताभ, रितिक, प्रीति की फिल्म-२
२८. 'फूलों से जो खुशबू आए' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 7338

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दी | वा | ने | | फू | ल | औ | र | कां | टे |
| वा | | हा | सि | ल | | जा | | टे | |
| र | न | | र्फ | | शे | र | नी | | झु |
| | सी | | तु | म | | | य | ती | म |
| श | ब | न | म | | स | पू | त | | रू |
| त | | र्गि | | जू | | र्णि | | तू | |
| र | | स | हे | ली | | मा | ई | ल | व |
| ज | या | | श | | ज | | मा | | र |
| | श | ज | म | ह | ल | | न | | दा |
| ली | ना | | | म | वा | ली | | डॉ | न |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग-7433

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | 3 | 6 | | 2 |
| | 35 | | 30 | 1 | 32 | |
| 4 | 1 | 5 | | | 7 | 3 |
| | 26 | 2 | 34 | 4 | 31 | |
| 2 | | 7 | | | 6 | |
| | 29 | 4 | 40 | 5 | 34 | 6 |
| 5 | | 3 | | | 2 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 7432 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 2 | 39 | 1 | 29 | 6 | 26 | 5 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 4 | 30 | 2 | 27 | 1 | 31 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 6 | 30 | 6 | 39 | 4 | 35 | 3 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 8453

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चं | ज | गां | धी | ग | ब | ज | मं | प | सु | क |
| द्र | वा | भ | क | या | दों | का | ग | स | ख | ड़ |
| शे | ह | या | ग | र्म | छ | स | ल | न | दे | क |
| ख | र | रा | र | त | वी | स | पां | ल | व | य |
| र | इ | म | म | सं | सिं | ल | डे | र | रा | ल |
| आ | ता | प्र | ई | र | ब | ह | फ | त | श | ज |
| जा | बा | सा | दा | ई | जी | स | प | ग | प | न |
| द | र | द | प | ता | ज | ज | र्द | न | प | स |
| क | ज | बि | ने | न | ला | तां | त्या | टो | पे | हो |
| क | म | स्मि | प | ला | या | स | मा | ब | प | य |
| का | न | ल | ला | लो | क | मा | न्य | ति | ल | क |

शब्द जाल में 10 स्वतंत्रता सेनानियों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

गांधी, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, रामप्रसाद बिस्मिल, सुखदेव, नेताजी, लाला लाजपतराय, लोकमान्य तिलक, तांत्या टोपे, मंगल पांडे .

### शब्दजाल - 8452 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore